'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की'

घर-घर में गूंजे जयकारे, लालबत्ती की पालकी में निकले नंदलाला, शहर में यादव समाज ने निकाली रैली, जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत

नवभारत न्यूज

भिण्ड 04 सितम्बर। जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सुबह से देर शाम तक मठ मंदिरों से लेकर घरों तक में नटवर नागर का जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां चली। श्रद्धालुओं ने आकर्षक झांकियां सजाई। घरों से लेकर मंदिरों में जय-जय श्री राधे, जय-जय श्री कृष्ण के जयकारों के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाकर प्रसाद वितरण किया। सुबह से बड़ी संख्या में श्रीकृष्ण भक्तों ने उपवास रखा। रात दस बजे से मठ मंदिरों और घरों में भजन कीर्तन शुरू हो गए। रात 12 बजते ही भक्तों श्रद्धालुओं ने भगवान के जन्मोत्सव का पूजन किया। श्रीकृष्ण भक्तों में पूजन को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। इसके अलावा यादव समाज ने पूरे शहर में विशाल बैंड बाजों की धुन पर विशाल रैली निकाली है।

वहीं शहर के खंडा रोड, राधाकृष्ण मंदिर, मंशापूर्ण मंदिर के अलावा अन्य जगह कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां पर श्रीकृष्ण की मूर्ति को बडे अच्छे से सजाया है। साथ ही मंदिर पर भी आकर्षक लाइटिंग की गई। इसके अलावा शहर के रामजानकी मंदिर सहित सभी मंदिरों पर आकर्षक सजावट की गई है।

जगह-जगह लोगों ने स्वागत सम्मान किया

शहर में यादव समाज के द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विशाल रैली का आयोजन किया गया। जो रैली सर्किट हाउस से प्रारंभ होकर पूरे बायपास होते हुए लहार चुंगी, किला रोड, हनुमान बजरिया, परेड चौराहा होते, इंदिरा गांधी चौराहा से होते हुए प्रमोद चौधरी गार्डन पर समापन हुई है। इस रैली का जगह-जगह लोगों ने स्वागत सम्मान किया है।

लालबत्ती वाली पालकी में विराजे कान्हा: चल समारोह का प्रमुख आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक पालकी रही। फूलों से सजी लालबत्ती वाली पालकी में कान्हा को विराजमान किया गया था। पालकी के आगे बढ़ते ही श्रद्धालु जय श्रीकृष्ण के जयकारे लगाने लगते। सड़क किनारे खड़े श्रद्धालु पालकी में विराजे कान्हा के दर्शन कर नतमस्तक होते नजर आए।

संतों और समाज के पदाधिकारियों की रही मौजूदगी: चल समारोह में जानकीदास महाराज, त्रिमूर्ति सरकार, राघवदास महाराज सहित यादव समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान शहर में श्रीकृष्ण भक्ति का उल्लास देखने को मिला। **रथों पर साकार हुई श्रीकृष्ण की लीलाएं:** समारोह में सजे रथों पर भगवान श्रीकृष्ण, भगवान भोलेनाथ सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। झांकियों में माखन चोरी, गीता उपदेश, कालिय नाग मर्दन और रासलीला जैसे प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया गया। इन झांकियों को देखने के लिए पूरे मार्ग में लोगों की भीड़ जुटी रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में झांकियों को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह का विधायक कुशवाह ने किया स्वागत: शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह का शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ आयोजन किया गया। चल समारोह में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां, भजन मंडलियां एवं श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या शामिल रही। ढोल-नगाड़ों एवं भक्ति गीतों के साथ पूरा नगर श्रीकृष्णमय हो उठा। इस अवसर पर विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने अपने निज निवास पर चल समारोह का स्वागत करते हुए श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की और भक्तों को पानी एवं कोल्ड ड्रिंक वितरित कर सत्कार किया। विधायक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन गीता के उपदेशों के माध्यम से मानवता को सदैव मार्गदर्शन देता रहेगा। जन्माष्टमी का पर्व समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देने वाला है। नगरवासियों ने जगह-जगह चल समारोह का स्वागत कर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। शहर के विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जो इस पर्व का मुख्य आकर्षण था। युवाओं ने पारंपरिक गोविंदा मंडली बनाकर ऊँचाई पर लटकी मटकी को फोडने का प्रयास किया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्थानीय टीमों के साथ-साथ बाहरी टीमों ने भी जोश-खरोश से हिस्सा लिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं में बच्चों और युवाओं के उत्साह ने सबका मन मोह लिया। दर्शकों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए इस आयोजन का आनंद लिया।

मालनपुर में हर्षोल्लास से मना श्रीकृष्ण पर्व

शिवाजी पब्लिक एवं बचपन इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

मालनपुर 04 सितम्बर। क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय शिवाजी पब्लिक स्कूल एवं बचपन इंटरनेशनल स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई।कार्यक्रम की शुरुआत दोनों ही विद्यालयों में भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इसके बाद विद्यालयों में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की मनमोहक वेशभूषा धारण कर एक से बढ़कर एक नाटक, गीत और कविताओं की प्रस्तुति दी। नन्हे-मुन्ने बच्चों को मोर-मुकुट, बांसुरी और राधा के श्रृंगार में देखकर सभी उपस्थित जन भाव-विभोर हो गए और तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को श्रीकृष्ण जयंती के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण प्रेम, करुणा और धर्म के प्रतीक हैं और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जनों को पंजीरी और प्रसाद का वितरण किया गया।

शासकीय सीनियर बालक छात्रावास में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, मटकी फोड़ बना आकर्षण का केंद्र

शासकीय सीनियर बालक छात्रावास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में छात्रों द्वारा उत्साह के साथ मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसने सभी का मन मोह लिया।इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक बृजेश कुमार मौर्य ने सभी छात्रावासी छात्रों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम के पश्चात सभी छात्रों को रुचिकर भोजन एवं प्रसाद वितरित किया गया, जिसका छात्रों ने आनंद लिया

11 माह के वेतन भुगतान को लेकर कृषि श्रमिकों का आंदोलन जारी

नवभारत न्यूज

भिण्ड 04 सितम्बर। छीमका कृषि फार्म में कार्यरत श्रमिकों के पिछले 11 माह से रुके वेतन का मामला अब भोपाल स्थित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच गया है। श्रमिकों के आंदोलन के बीच संयुक्त संचालक किसान कल्याण, मुरैना ने 3 सितंबर को संचालक कृषि किसान कल्याण, भोपाल को पत्र लिखकर गोहद-छीमका कृषि फार्म में पदस्थ सहायक संचालक गोरी शंकर बेले के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की सिफारिश की है।

सीटू जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि संयुक्त संचालक द्वारा भेजे गए पत्र में श्रमिकों को वेतन नहीं मिलने के मामले में सहायक संचालक कृषि फार्म गोहद की भूमिका का उल्लेख किया गया है तथा श्रमिकों को बकाया वेतन दिलाने की सिफारिश भी की गई है।

पत्र की प्रतिलिपि आयुक्त चंबल संभाग मुरैना, कलेक्टर, उपसंचालक कृषि भिंड तथा सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) को भी प्राप्त हुई है।

वेतन और सेवा पुस्तिका मिलने तक धरना जारी रखने का निर्णय

पत्र सामने आने के बाद श्रमिकों ने बैठक कर आंदोलन को लेकर निर्णय लिया। श्रमिकों का कहना है कि जब तक उन्हें 11 माह के बकाया वेतन का भुगतान एवं सेवा पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई जाती, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। श्रमिकों ने कहा कि अब वे संचालक कृषि किसान कल्याण भोपाल को भेजे गए पत्र पर होने वाली कार्रवाई का इंतजार भी करेंगे, लेकिन जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

धरना स्थल पानी में डूबा, पानी में खड़े होकर प्रदर्शन: वहीं दूसरी ओर 19 अगस्त से सहायक संचालक कृषि फार्म गोहद-छीमका कार्यालय के समक्ष चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 16वें दिन भी जारी रहा। लगातार बारिश के कारण धरना स्थल पानी में डूब गया। इसके बावजूद श्रमिकों ने आंदोलन समाप्त नहीं किया और पानी में खड़े होकर अपनी मांगों को लेकर धरना दिया।

श्रमिकों का कहना है कि लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। 4 सितंबर को पानी में जारी धरने के दौरान उदय सिंह श्रीवास, जिला अध्यक्ष दैनिक वेतन भोगी कार्यभारित कर्मचारी एकता यूनियन सीटू, भूपेंद्र सिंह गुर्जर, राज्य महासचिव डीवाईएफआई, रामेश्वर, महेश, बीरेंद्र पटिया, हरेंद्र एवं राजेश सहित अन्य श्रमिक एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

आईएमए द्वारा जन जागरुकता शिविर

सागर. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आईएमए द्वारा वृंदावन बाग मंदिर में सीपीआर प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता शिविर आयोजित किया गया. अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि सीपीआर की जीवनरक्षक क्षमता स्थापित होने के बावजूद भारत में आम नागरिकों द्वारा सीपीआर किए जाने की दर अभी भी अपेक्षाकृत कम है. यह अभियान इसी अंतर को कम करने की दिशा में एक प्रयास है, जिसके माध्यम से विभिन्न आयु एवं सामाजिक समूहों में प्रशिक्षण, जागरूकता और व्यावहारिक तत्परता को बढ़ावा दिया जा रहा. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सीपीआर की तकनीक को स्वयं पुतले पर करके सीखा. प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को केवल प्रक्रिया समझाने के बजाय देखो-समझो-करके सीखो के सिद्धांत पर प्रशिक्षण दिया गया.

होटल-गार्डन संचालक अब खुद करें कचरे का निस्तारण

सीएमओ के निर्देश पर स्वच्छता टीम ने चलाया जागरूकता अभियान, लापरवाही पर चालानी कार्रवाई की चेतावनी

नवभारत न्यूज

भिण्ड 04 सितम्बर। लहार नगर पालिका की नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अब नगर क्षेत्र के होटल एवं मैरिज गार्डन संचालकों को अपने परिसर में होने वाले आयोजनों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का निस्तारण स्वयं अपने परिसर में ही करना होगा। नगर में सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने अथवा गंदगी फैलाने पर संबंधित संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ ज्योति सुनहरे ने स्पष्ट किया है कि शादी एवं अन्य आयोजनों के दौरान होटल और मैरिज गार्डन से निकलने वाले कचरे की जिम्मेदारी अब संबंधित संचालक की होगी। यदि ऐसा कचरा नगर में कहीं भी पड़ा मिला या उससे दुर्गंध फैलती पाई गई तो संबंधित संचालक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई सहित अन्य कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नगर में संचालित क्लीनिकों के बाहर खुले में पड़ी सिरिंज, बोतल, दवाइयां एवं अन्य चिकित्सकीय अपशिष्ट को लेकर भी नगर पालिका ने सख्त रुख अपनाया है। सीएमओ ने कहा कि इस प्रकार के कचरे को उठाने में सफाई कर्मचारियों के संक्रमित होने का खतरा रहता है। सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ऐसे अपशिष्ट के निस्तारण की जिम्मेदारी संबंधित क्लीनिक संचालकों की होगी।

सीएमओ के निर्देश पर नगर पालिका की स्वच्छता टीम ने होटल एवं मैरिज गार्डनों का औचक निरीक्षण कर संचालकों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता संबंधी नियमों की जानकारी दी। स्वच्छता टीम में भूपेंद्र कुमार, अरविंद गोहर एवं संजय शामिल रहे। टीम ने अग्रसेन पैलेस, अग्रसेन होटल, पटेल मैरिज गार्डन एवं राधे रघुवीर पैलेस पहुंचकर वहां मौजूद कर्मचारियों को जागरूक किया।

दबोह नगर परिषद में दो साल बाद विकास कार्यों को मिली मंजूरी

करीब 6 करोड़ के प्रस्ताव पास, 15 वार्डों में 3 करोड़ से सीसी रोड और नाला निर्माण;

नवभारत न्यूज

भिण्ड 04 सितम्बर। जिले की दबोह नगर परिषद में करीब दो साल से रुके विकास कार्यों को आखिरकार गति मिलने का रास्ता साफ हो गया है। गुरुवार शाम आयोजित नगर परिषद की बैठक में करीब 6 करोड़ रुपए के निर्माण एवं विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। स्वीकृत कार्यों में नगर के सभी 15 वार्डों में सीसी रोड एवं नाला निर्माण के साथ-साथ तालाब संरक्षण, नलकूप खनन और पुलियों के निर्माण व मरम्मत जैसे कार्य शामिल हैं।

बैठक में नगर के सभी 15 वार्डों में लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से सीसी रोड एवं नाला निर्माण कराने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। इसके अलावा करधेन तालाब पर टोवाल एवं स्टोन पिचिंग का कार्य, नगर परिषद भवन की छत की मरम्मत तथा नए नलकूप (बोरवेल) खनन के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। शहर में विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त पुलियों के नए निर्माण और पुरानी पुलियों की मरम्मत के कार्य भी कराए जाएंगे। इन कार्यों के शुरू होने से लंबे समय से विकास कार्यों की प्रतीक्षा कर रहे नगरवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

बैठक में राजनीतिक खींचतान

विकास कार्यों को मंजूरी देने वाली यह बैठक राजनीतिक खींचतान के बीच आयोजित हुई। 15 सदस्यीय नगर परिषद में भाजपा के 8 और कांग्रेस के 7 पार्षद हैं। बैठक में कांग्रेस के सभी सात पार्षद गैरहाजिर रहे, जबकि भाजपा का एक पार्षद भी नाराजगी के चलते बैठक में शामिल नहीं हुआ। नगर परिषद उपाध्यक्ष हाकिम चौधरी ने अध्यक्ष और सीएमओ पर मनमानी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कांग्रेस पार्षदों को बैठक का एजेंडा सिर्फ एक दिन पहले उपलब्ध कराया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आवश्यक कोरम के बिना बैठक आयोजित करना नियमों के खिलाफ है।

सीएमओ ने प्रक्रिया को बताया वैध: वहीं नगर परिषद सीएमओ सोनू परिहार ने उपाध्यक्ष के आरोपों से अलग रुख रखते हुए कहा कि बैठक की प्रक्रिया पूरी तरह वैध तरीके से संपन्न हुई है। उनके अनुसार बैठक में रखे गए सभी प्रस्ताव बहुमत एवं सर्वसम्मति से पारित किए गए हैं। अब नगरवासियों की नजर स्वीकृत विकास कार्यों के धरातल पर शुरू होने और उनकी गुणवत्ता पर रहेगी। करीब दो साल से अटके कार्यों को मंजूरी मिलने के बाद नगर के विभिन्न वार्डों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार की उम्मीद बढ़ी है।

सशिमं में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

सागर. वी क्लब सागर गोल्ड द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुरा स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई. स्कूल के बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सज-धज कर आए. अध्यक्ष नंदिनी चौधरी ने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से सीख लेने का संदेश दिया. प्राचार्य वीरेंद्र पटेल ने आभार माना.

दयोदय गौशाला एवं कन्या छात्रावास का निरीक्षण

सागर. जिपं सीईओ जगदीश कुमार गोमे द्वारा दयोदय गौशाला, रतौना एवं शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास, बड़तूमा का निरीक्षण किया गया. दयोदय गौशाला, रतौना के भ्रमण के दौरान नरयावली विधायक प्रदीप लारिया भी उपस्थित थे. उन्होंने गौशाला में स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखने तथा गौवंश के बेहतर रख-रखाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर जोर दिया. श्री गोमे ने गौशाला में गौवंश के रख-रखाव, चारा-पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली.

थाना प्रभारी ने बंदी गृह में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

मालनपुर 04 सितम्बर। मालनपुर थाना परिसर स्थित बंदी गृह में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने अपने स्टाफ के साथ भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। भगवान को भोग लगाकर आरती की गई और सभी के सुख-समृद्ध जीवन की कामना की गई।इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण सत्य और धर्म के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर हम समाज में शांति और सद्भावना स्थापित कर सकते हैं। इस दौरान थाना स्टाफ मौजूद रहा।

गिद्ध संरक्षण संदेश देंगे

ललितपुर. अंतरराष्ट्रीय गिद्ध दिवस पर 5 सितंबर को देवगढ़ में प्रकृति, जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण को समर्पित विशेष आयोजन किया जाएगा. मानव ऑर्गेनाइजेशन, विकासार्थ विद्यार्थी एवं भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नेचर वॉक के माध्यम से गिद्धों सहित विभिन्न जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा. कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पर्यावरण योद्धाओं एवं प्रकृति प्रेमियों की टीम दोपहर 11.45 बजे तुवन मंदिर प्रांगण से बस द्वारा देवगढ़ के लिए रवाना होगी.

आज स्कूलों में अवकाश, नर्सरी से 8वीं तक के बच्चों की छुट्टी

नवभारत न्यूज

भिण्ड 04 सितम्बर। जिले में मौसम के बिगड़ते मिजाज और अत्यधिक बारिश की संभावना को देखते हुए छोटे स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए 5 सितंबर को नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है।

जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के अनुसार यह अवकाश जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के साथ-साथ सीबीएसई, आईसीएसई, माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं अन्य बोर्ड से संबद्ध स्कूलों पर भी लागू रहेगा। 5 सितंबर को नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थी स्कूल नहीं जाएंगे।

बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए लिया निर्णय

प्रशासन ने लगातार बदल रहे मौसम और भारी बारिश की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया है। बारिश के दौरान बच्चों को स्कूल आने-जाने में होने वाली परेशानी और संभावित जोखिम को ध्यान में रखते हुए छोटे बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए घोषित किया गया है। स्कूलों के शिक्षक एवं अन्य स्टाफ नियमित समय पर संस्था में उपस्थित रहेंगे और उन्हें शासकीय कार्य एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी विद्यालय में पहले से निर्धारित महत्वपूर्ण परीक्षा या अन्य आवश्यक गतिविधियां हैं, तो वे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होंगी। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि मौसम की स्थिति को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और जारी आदेश का पालन करें।

जर्जर कुएं में गिरा गौवंश, जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा मूक पशु

बड़ागांव नंबर-2 में हादसा, ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल एसडीआरएफ या फायर ब्रिगेड की टीम भेजने की मांग की

नवभारत न्यूज

भिण्ड 04 सितम्बर। दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव नंबर-2 में एक गोवंश के गहरे और जर्जर कुएं में गिरने का मामला सामने आया है। संतुलन बिगड़ने के कारण गोवंश कुएं में जा गिरा और अंदर फंस गया। ग्रामीणों के मुताबिक मूक पशु काफी देर से कुएं में फंसा हुआ है और उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए तत्काल रेस्क्यू की आवश्यकता है।

कुआं जर्जर होने से ग्रामीण नहीं कर पा रहे रेस्क्यू: ग्रामीणों ने बताया कि जिस कुएं में गोवंश गिरा है, वह काफी पुराना और जर्जर हालत में है। कुएं की गहराई और खराब स्थिति के कारण उसमें उतरना बेहद जोखिम भरा है। ऐसे में ग्रामीण चाहकर भी स्वयं कुएं में उतरकर गोवंश को बाहर निकालने की स्थिति में नहीं हैं।

प्रशासन से तत्काल रेस्क्यू की मांग: घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते रेस्क्यू नहीं किया गया तो गोवंश की जान को खतरा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि एसडीआरएफ अथवा फायर ब्रिगेड की विशेषज्ञ रेस्क्यू टीम को आवश्यक उपकरणों के साथ तत्काल मौके पर भेजा जाए, ताकि गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। ग्रामीणों ने जर्जर और खुले कुएं की स्थिति को देखते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए भी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाने की मांग की है।

छल, कपट के माध्यम से की गई कमाई स्थिर नहीं रहती

नवभारत न्यूज

सागर 4 सितंबर. वर्धमान कॉलोनी में विराजमान मुनिश्री पदम सागर महाराज ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपनी गलतियों का सुधार स्वयं करना चाहिए. जीवन में स्वप्न में भी रत्नात्रय के धारियों का कभी तिरस्कार नहीं करना चाहिए. गुरुओं और त्यागी-व्रतियों का आदर ही जीव के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है.मुनिश्री ने कहा कि यदि मनुष्य छल, कपट और मायाचारी के माध्यम से पाप की कमाई इकट्ठा करता है, तो वह संपदा कभी स्थिर नहीं रहती.

भाजपा युवा नेता पुष्पेंद्र उर्फ पुस्सू कुशवाह के जन्मदिन समारोह में उमड़े कार्यकर्ता

देर रात तक चलता रहा जश्न

नवभारत न्यूज

भिण्ड 04 सितम्बर। सदर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के छोटे सुपुत्र एवं भाजपा युवा नेता पुष्पेंद्र उर्फ पुस्सू कुशवाह का जन्मदिन शुक्रवार यानी कृष्ण जन्माष्टमीदिन के दिन उत्साह और उमंग के साथ धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन समारोह में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। युवाओं के उत्साह के चलते देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर जश्न का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम में विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के बड़े सुपुत्र अन्नू कुशवाह भी मौजूद रहे। उन्होंने पुष्पेंद्र उर्फ पुस्सू कुशवाह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कारों के काफिले के साथ पहुंचे समर्थक: जन्मदिन समारोह में बड़ी संख्या में युवा समर्थक लंबी-लंबी कारों में सवार होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। हाथों में केक और मिठाई लिए समर्थकों ने पुष्पमालाओं से पुष्पेंद्र कुशवाह का स्वागत किया। जन्मदिन का जश्न शुरू होते ही आतिशबाजी से वातावरण गूंज उठा और युवाओं में अपने प्रिय नेता को बधाई देने की होड़ दिखाई दी। समर्थकों ने केक काटकर और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कई युवाओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

युवाओं के बीच दिखी लोकप्रियता

समारोह में उमड़ी युवाओं की भीड़ से पुष्पेंद्र उर्फ पुस्सू कुशवाह के प्रति समर्थकों के उत्साह और जुड़ाव की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान बधाइयों और शुभकामनाओं का सिलसिला देर तक चलता रहा। जन्मदिन समारोह में टप्पे बिजपुरी, बॉबी सिंह राजावत, उमेश चच्चू भारौली, राजीव पांडे, शिवा उपाध्याय, विश्वनाथ श्रीवास, अमन तोमर, जीतू प्रधान, शैलू प्रधान, उपेंद्र तोमर, रवि राजावत, राजीव राजावत और सतेन्द्र राजावत सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।